तापमान
अधिकतम 25.2 डिग्री
न्यूनतम 8.2 डिग्री

हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, रविवार, 7 दिसंबर 2025
पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा

4
व्याख्याता पदोन्नत होकर बने प्राचार्य, स्कूलों में अब बच्चों को पढ़ाने शिक्षकों की हो गई कमी



## खबर संक्षेप

### गणना पत्रक सत्यापन की अवधि 11 तक

**जशपुरनगर**। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य में अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के संदर्भ में चलाये जा रहे निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में संशोधित कार्यक्रम जारी किया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी जशपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार आयोग द्वारा जारी संशोधित कार्यक्रम के अनुसार मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन 16 दिसम्बर 2025 एवं 14 फरवरी 2026 को किया जाएगा। जारी संशोधित कार्यक्रम अनुसार 11 दिसम्बर 2025 को गणना पत्रक सत्यापन, 16 दिसम्बर को मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन, 16 दिसम्बर 2025 से 15 जनवरी 2026 तक दावा आपत्ति, 16 दिसम्बर 2025 से 07 फरवरी 2026 तक सुनवाई और सत्यापन कार्य एवं 14 फरवरी 2026 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन निर्धारित है।

### जिले की नौ समितियों में होगी समर्थन मूल्य पर उपार्जन

**जशपुरनगर**। जिले के किसान भी अपनी दलहन-तिलहन की फसलों को प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान के अंतर्गत प्राईस सपोट स्कीम के तहत अरहर, मूंग, उड़द, मूंगफली, सोयाबीन, चना, मसूर एवं सरसो का विक्रय आदिम जाति सेवा सहकारी समिति के माध्यम से कर सकेंगे। उप संचालक कृषि ने जानकारी देते हुए बताया कि जिसका पंजीयन का कार्य एकीकृत किसान पोर्टल के माध्यम से 1 दिसंबर से 28 फरवरी 2026 तक किया जाएगा। उपार्जन की अवधि मूंग, उड़द, मूंगफली एवं सोयाबीन के लिए 01 दिसंबर 2025 से 28 फरवरी 2026 तक, अरहर एवं सरसों के लिए 15 फरवरी 2026 से 15 मई 2026 तक एवं चना एवं मसूर के लिए 01 मार्च 2026 से 30 मई 2026 तक आदिम जाति सेवा सहकारी समिति बगीचा, बिमड़ा, कुरोंग, सन्ना, पड्रापाठ, तपकरा, कोनपरा, घरजियाबथान एवं गला में किया जाएगा। अरहर 8000, मूंग 8700, उड़द 7800, मूंगफली 7283, सोयाबीन 5328, चना 5875, मसूर 7000, एवं सरसों 6200, की दर से खरीदी की जाएगी।

### शीत लहर के प्रभाव से बचने बरतें सावधानी

**जशपुरनगर**। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जीएस जात्रा द्वारा आम नागरिकों से आग्रह किया गया है कि सर्दी को देखते हुए विशेष सावधानी बरते। गर्म कपड़े पहने, जैसे फ्लू, सर्दी, खांसी एवं जुकाम आदि के लक्षण होने पर चिकित्सक से संपर्क करें। सर्दी के मौसम में जब ठंडी हवाएं तेजी से चलने लगती है, तो तापमान में तेजी से गिरावट होने लगती है, तब इस स्थिति को शीत लहर कहते है। आसान शब्दों में कहा जा सकता है कि सर्दी के मौसम में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से लेकर 04-05 डिग्री सेल्सियस के नीचे चला जाता है, तो इसे शीत लहर कहा जाता है। स्थानीय मौसम पूर्वानुमान के लिए रेडियो, टीवी एवं समाचार पत्र जैसे सभी मीडिया द्वारा दी जा रही जानकारी का अनुसरण करें। पर्याप्त मात्रा में गर्म कपड़े पहने। नियमित रूप से गर्म पेय पीते रहे। जिला जलवायु परिवर्तन नोडल अधिकारी डॉ डीके अग्रवाल ने बताया है की शीत लहर के समय विभिन्न प्रकार की बीमारियों की संभावना अधिक बढ़ जाती है।

# प्राथमिक शाला में बच्चों के हाथों में किताब की जगह गोबर और भारी बर्तन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा





छत्तीसगढ़ सरकार 'सब पढ़े, सब बढ़े' और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के चाहे जितने भी दावे कर ले, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। जिले के पत्थलगांव विकासखंड से एक ऐसा मामला सामने आया है जो न केवल शिक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है, बल्कि बाल अधिकारों का भी खुला उल्लंघन है।

■ गोबर उठाते व ढोते छात्राओं का वीडियो वायरल

ताजा मामला पत्थलगांव विकासखंड की ग्राम पंचायत खजरीढाब स्थित शासकीय प्राथमिक शाला का है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो और तस्वीरों में स्कूल की ड्रेस पहने छोटी-छोटी बच्चियां सड़क पर भारी बाल्टी में गोबर और अन्य सामग्री ढोती हुई नजर आ रही हैं। वहीं, स्कूल परिसर के भीतर छोटे बालक भारी-भरकम बर्तन उठाते हुए दिखाई दे रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि यह सब कुछ स्कूल के समय में हो रहा है, जब इन बच्चों के हाथों में कलम और किताब होनी चाहिए थी। वीडियो में जब राहगीरों ने बच्चियों से पूछा कि उन्हें किसने भेजा है, तो उन्होंने दबी जुबान में स्कूल की 'मैडम' का नाम लिया। यह स्पष्ट करता है कि शिक्षकों के आदेश पर ही बच्चों को स्कूल परिसर से बाहर काम करने भेजा गया था। शासकीय स्कूलों में साफ-सफाई, खाना बनाने और अन्य कार्यों के लिए शासन द्वारा रसोइया और ⏭ शेष पेज 4 पर

### अभिभावकों और ग्रामीणों में आक्रोश

इस घटना का वीडियो सामने आने के बाद स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि वे अपने बच्चों को स्कूल पढ़ने के लिए भेजते हैं, न कि गोबर ढोने और मजदूरी करने के लिए। स्कूल प्रबंधन की इस लापरवाही से बच्चों का भविष्य अंधकारमय होता दिख रहा है।

### जांच और कार्रवाई की मांग

वायरल वीडियो ने स्कूल प्रबंधन की पोल खोलकर रख दी है। अब देखना यह होगा कि शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारी और जिला प्रशासन इस मामले को कितनी गंभीरता से लेते हैं। क्या उन शिक्षकों पर कोई कार्रवाई होगी जो बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं।या फिर यह मामला भी जांच के नाम पर ठंडे बस्ते में चला जाएगा।

### की जाएगी कार्रवाई

नौनिहालों की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। उसी को आधार मानकर संबंधित शिक्षक को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है। उनके प्रस्तुत जवाब के आधार पर उच्चाधिकारियों के निर्देश पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

वेदानंद आर्य, बीईओ पत्थलगांव।

### 2 करोड़ की सड़क में मुरुम की जगह खेत की मिट्टी और पेवर मशीन की जगह ग्रेडर से लीपापोती

# आजादी के 76 साल बाद मिली सड़क वह भी चढ़ी अनियमितता की भेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा

ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए शासन भले ही करोड़ों रुपये पानी की तरह बहा रहा हो, लेकिन मैदानी स्तर पर ठेकेदारों की मनमानी और अधिकारियों की सुस्त कार्यप्रणाली ने सरकार की मंशा पर पानी फेर दिया है। ताजा मामला विकासखंड फरसाबहार के दक्षिणी क्षेत्र कोल्हेंझरिया का है, जहां आजादी के 76 वर्षों बाद बन रही बहुप्रतीक्षित सड़क अनियमितता की मार झेल रही है।

■ इंद्रानगर से फरसटोली तक 1.99 करोड़ की लागत से बन रही सड़क

पीडब्ल्यूडी की देखरेख में इंद्रानगर (कोल्हेंझरिया) से पत्थलगांव विकासखंड के फरसाटोली तक लगभग 2 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण किया जा रहा है। इसकी लागत करीब 1 करोड़ 99 लाख रुपये है। यह सड़क दो विकासखंडों को जोड़ने वाली जीवनरेखा है, जिसका इंतजार ग्रामीण दशकों से कर रहे थे। लेकिन मौके पर चल रहा निर्माण कार्य ग्रामीणों की उम्मीदों को तोड़ने वाला साबित हो रहा है। निर्माण स्थल पर मानकों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। सड़क को मजबूत बनाने के लिए बेस में अच्छी गुणवत्ता का मुरुम डाला जाना चाहिए, लेकिन ठेकेदार द्वारा पैसे बचाने के लालच में आस-पास के खेतों की मिट्टी खोदकर सड़क में पाटी जा रही है। जानकारों की मानें तो मिट्टी से बनी यह सड़क पहली बारिश में ही कीचड़ और गड्ढों में तब्दील हो जाएगी।




### नियमों को ठेंगा

शासकीय नियमों के अनुसार, सड़क निर्माण में (वाटर बाउंड मैकॅडम) और जीएसबी लेयर बिछाते समय 'पेवर मशीन' का उपयोग अनिवार्य है। पेवर मशीन से सड़क की मोटाई और सतह एक समान रहती है और सड़क टिकाऊ बनती है। परन्तु मौके पर हकीकत कुछ और है। ठेकेदार बेखौफ होकर पेवर मशीन की जगह 'ग्रेडर मशीन' से ही गिट्टी और मिट्टी फैलाकर खानापूर्ति कर रहा है। इससे न तो सड़क का कम्पैक्शन सही हो रहा है और न ही फिनिशिंग आ रही है।

### गुणवत्ता परीक्षण की कोई व्यवस्था नहीं

ग्रामीणों का आरोप है कि साइट पर क्वालिटी कंट्रोल की कोई व्यवस्था नहीं है। लैब टेस्टिंग नदारद है। यह सब कुछ विभागीय अधिकारियों की कथित मिलीभगत की ओर इशारा करता है। जनता के टैक्स के पैसे (1.99 करोड़) का ऐसा दुरुपयोग देख ग्रामीणों में भारी आक्रोश है।



### जानकारी लेता हूं: सिंह

पीडब्ल्यूडी के इंजीनियर ओपी सिंह ने कहा कि ठेकेदार को पेवर मशीन लगाने के लिए कहा गया था। मैंने उच्चाधिकारियों को भी अवगत करा दिया है। ठेकेदार ने मशीन क्यों नहीं लगाई, इसकी जानकारी लेता हूं।

### ग्रामीणों की चेतावनी

किसानों, छात्रों और मरीजों के लिए जीवनदायिनी बनने वाली यह सड़क अगर भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी, तो ग्रामीण चुप नहीं बैठेंगे। क्षेत्रवासियों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि तत्काल प्रभाव से काम को रुकवाकर तकनीकी जांच कराई जाए और पेवर मशीन के बिना किए गए कार्य को उखाड़कर पुनः निर्माण कराया जाए।

### कुछ महीनों में ही उखड़ जाएगी

तकनीकी विशेषज्ञों का कहना है कि ग्रेडर मशीन का काम केवल मिट्टी या गिट्टी फैलाना होता है, जबकि पेवर मशीन सामग्री को एक निश्चित घनत्व और मोटाई में सेट करती है। बिना पेवर के बनी सड़क पर जब भारी वाहन चलेंगे, तो वह तुरंत दब जाएगी और गिट्टी उखड़कर बाहर आ जाएगी। 2 करोड़ की सड़क का यह हाल सरकारी खजाने की खुली लूट है।



# हिन्दू समाज के लोगों ने निकाली भव्य रैली

**पत्थलगांव**। हिंदू सम्मेलन के लिए नगर के मुख्य मार्गों से भव्य रैली निकाली गई। रैली में सैकड़ों की संख्या में हिंदू समाज के लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। रैली मैरिज गार्डन से प्रारंभ हुई और जशपुर रोड इंदिरा चौक, होते हुए पुनः मैरिज गार्डन पहुंचकर समाप्त हुई। रैली में पुरुषों की अपेक्षा मातृशक्ति की उपस्थिति ज्यादा देखने को मिली।

■ राम के जयकारों से गूंजा नगर

उन्होंने ही धर्म ध्वजा को लहराने में मुख्य भूमिका निभाई। महिलाओं ने अपने हाथों में राम और हनुमान ध्वज थाम रखे थे। रैली के दौरान नगर जय श्री राम के नारों से गूंजायमान होता रहा। आगे आगे हम हिन्दू है नारे के साथ डीजे और फिर हनुमान जी के साथ सजाया गया शोभायात्रा जिसमे हिन्दूवो के मुख्य संरक्षक भक्ता महराज एवं बच्चन दुब्बे मौजूद रहे। हिन्दू रैली वापस मैरिज गार्डन पहुंचा ततपश्चात आगे कार्यक्रम शुरू किया गया। वहां समाज प्रमुखों में महाकुल समाज, अग्रवाल समाज, ब्राम्हण समाज, सिंधी समाज , गोड समाज, रौनियार समाज प्रमुखों एवं पत्रकार, पार्षदों को तिलक लगाकर गमछा पहना कर सम्मान किया गया। धरती पर मां भगवान का स्वरूप है। मां ही वह शक्ति है जिसने न सिर्फ भगवान श्री राम के व्यक्तित्व का निर्माण किया बल्कि देश को शिवाजी, विवेकानंद जैसे महापुरुष भी दिए। यह बातें राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सह प्रांत प्रचारक नारायण नामदेव ने हिंदू सम्मेलन के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए कहीं। शौर्य दिवस के मौके पर मैरिज गार्डन में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। यहां उपस्थित लोगों को संबोधित हुए मुख्य वक्ता आर एस एस के सह प्रांत प्रचारक नारायण नामदेव ने समाज के सशक्तिकरण के लिए संस्कारों के प्रत्यारोपण को जरूरी बताया । उन्होंने कहा कि भारत को विश्व गुरु की संज्ञा यूं ही नहीं ⏭ शेष पेज 4 पर

### कुरीतियों पर किया कुठाराघात

कार्यक्रम के संरक्षक तथा ज्योतिषी भक्ता महाराज ने कहा कि समाज में व्याप्त ऊंच नीच और कुरीतियों पर कुठाराघात करते हुए इनके उन्मूलन की जरूरत बताई। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज को सशक्त होने के लिए जरूरी है कि सभी वर्ग समाज की एकजुटता और सशक्तिकरण में अपने अपने दायित्वों का निर्वहन करें। अपने संबोधन में गायत्री परिवार की पार्वती चौहान ने नारी शक्ति की जागृति पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि नारियों को हमेशा से भारतवर्ष में सम्मान का ऊंचा दर्जा प्राप्त रहा है परंतु आधुनिकता की दौड़ में महिलाएं ही इसे विस्मृत कर खुद को अबला समझ बैठी हैं। महिलाओं को सनातन संस्कृति का अनुसरण करते हुए न सिर्फ अपने बल्कि समाज की जागृति और सशक्तिकरण पर ध्यान देना चाहिए। इस दौरान कहावत को उद्धृत करते हुए उन्होंने कहा कि समाज के कल्याण के लिए फसल और नस्ल दोनों की रक्षा की जरूरत है। फसल की रक्षा का भार पुरुषों को सौंपा गया है तो महिलाओं के जिम्मे नस्लों को संभालने की जिम्मेदारी है।

### बच्चों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति

कार्यक्रम के दौरान अलग अलग स्कूलों के बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।जिसमें से शि मं कि छात्राओं के द्वारा पारंपरिक धुनों पर करमा नृत्य की प्रस्तुति और गोयल किंडरगार्टन के बच्चों की देशभक्तिपूर्ण प्रस्तुति को लोगों ने जमकर सराहा। वहीं सुरंगपानी के जगबंधु यादव ने अपनी प्रखर कविता से लोगों को जगाने का काम।किया। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में हिंदू समाज के लोगों के साथ ही विभिन्न समाज प्रमुख भी शामिल रहे।

# राष्ट्रव्यापी बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा आज

**जशपुरनगर**। कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण रोहित व्यास और कार्यपालन अधिकारी एवं उपाध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण श्री अभिषेक कुमार के नेतृत्व में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 द्वारा अनुशंसित ''उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण रायपुर एवं भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग तथा राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान नई दिल्ली की पहल पर आयोजित राष्ट्रव्यापी बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा का आयोजन 07 दिसंबर 2025 को किया गया है।

■ राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा अभियान में 14200 शिक्षार्थी होगें शामिल

परीक्षा जिले में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगी, जिसमे शिक्षार्थी अपनी सुविधानुसार निर्धारित समय के भीतर शामिल हो सकेंगे। जिला परियोजना अधिकारी नरेन्द्र कुमार सिंन्हा ने बताया कि जिले में शिक्षार्थियों की सुविधा के लिए प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में 907 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। जिले से इन केन्द्रो पर उल्लास प्रवेशिका के 07 अध्याय का अध्ययन कर 200 घंटे पूर्ण कर चुके एवं वर्तमान में अध्ययनरत कुल 14200 शिक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित होगें। परीक्षा की मॉनिटरिंग के लिए जिला एवं विकास खण्ड स्तर पर अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है तथा कंन्ट्रोल रूम भी स्थापित किया गया है। जिले के 08 विकास खण्डों के समस्त विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा परीक्षा केन्द्रों में जोनवार प्राचार्य, संकुल शैक्षिक समन्वयक, केन्द्राध्यक्ष एवं पर्यवेक्षक सह मूल्यांकनकर्ता की नियुक्ति आदेश जारी किया गया है। परीक्षा पूर्व जन जागरूकता एवं शिक्षार्थियों को केन्द्र तक लाने हेतु घर-घर जाकर हल्दी चावल बांटकर महापरीक्षा अभियान का न्यौता हमारे ग्राम प्रभारी एवं स्वयंसेवी शिक्षकों द्वारा दिया जा रहा है। साथ ही ग्राम पंचायत स्थित कोटवार से मुनादी भी करायी जा रही है। हमारे जिले के समस्त ग्राम प्रभारियों, स्वयंसेवी शिक्षकों, रोजगार सहायक एवं आंगनबाड़ी कार्यकताओं द्वारा दिवार लेखन, पोस्टर, नारा लेखन, एवं शिक्षार्थी पर्ची बांटी जा रही है शिक्षार्थी पर्ची जिसमें महापरीक्षा अभियान का दिनांक, दिन, समय, एवं केन्द्र का नाम लिखा हुआ है। इस प्रकार समस्त विकास खण्डों में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर शिक्षार्थियों को न्यौतापाती किया जा रहा है साथ ही जिला परियोजना अधिकारी द्वारा परीक्षा केन्द्रों में पेयजल, बैठक व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश विकास खण्डों के समस्त विकास खण्ड शिक्षा अधिकारियों को दिए गए हैं। जिला परियोजना अधिकारी द्वारा यह भी बताया गया कि उक्त कार्यक्रम में 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के ऐसे महिला, पुरूष शिक्षार्थियों को सम्मिलित किया जा रहा है, जो शिक्षा की मुख्य धारा से वंचित हैं। स्वयंसेवी शिक्षक इन शिक्षार्थियों को उल्लास प्रवेशिका के 07 अध्याय को 200 घंटे में अध्यापन करा कर पूर्ण कराते हैं। परीक्षा तीन घंटे की होगी जिसमें तीन भाग - पढ़ना, लिखना, और अंक गणित प्रत्येक भाग 50 अंकों का होगा। प्रत्येक भाग में न्यनतम 20 अंक लाने पर परीक्षार्थी उत्तीर्ण माने जाएंगे। सफल शिक्षार्थियों को एनआईओएस द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा।

### विद्यार्थियों के परिजन को मिला आर्थिक संबल



**जशपुरनगर**। जशपुर में छत्तीसगढ़ शासन की छात्र दुर्घटना बीमा योजना के अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों के प्रभावित विद्यार्थियों के परिजनों को आर्थिक सहायता का चेक जशपुर विधायक रायमुनि भगत के द्वारा प्रदान किया गया। यह योजना दुर्घटना की स्थिति में प्रभावित विद्यार्थियों के परिवारों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से शासन के द्वारा चलाई गई है, जिससे विपरीत परिस्थितियों में परिवारों को तत्काल राहत मिल सके। इस अवसर पर सहायक संचालक श्रीमती सरोज खलखो तथा विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती कल्पना टोप्पो उपस्थित रहीं।

# किसानों को मिल रहा है उनकी मेहनत का उचित मूल्य


**जशपुरनगर**। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में प्रदेशभर में धान खरीदी प्रक्रिया सुचारू एवं व्यवस्थित रूप से जारी है। जशपुर जिले के सभी धान खरीदी केंद्रों में किसानों से समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप निरंतर की जा रही है।

इसी क्रम में दुलदुला विकासखंड के ग्राम पंचायत कस्तूरा स्थित धान खरीदी केंद्र में धान बेचने पहुंचे ग्राम गिद्धादाड़ निवासी किसान अरविंद नायक ने बताया कि "मुख्यमंत्री जी ने हम किसानों के लिए खरीदी केंद्रों में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की हैं। मैं यहां 50 बोरी धान लेकर आया हूं। समर्थन मूल्य पर खरीदी से हमें वास्तविक लाभ मिल रहा है और हमारी मेहनत का उचित मूल्य प्राप्त हो रहा है। शासन के प्रति धन्यवाद प्रकट करता हूं।"केंद्र में पेयजल, तिरपाल, मापजांच, किसानों के लिए बैठने की व्यवस्था सहित आवश्यक सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। धान खरीदी कार्य का नियमित निरीक्षण भी किया जा रहा है, ताकि प्रत्येक किसान को समय पर और पारदर्शी तरीके से लाभ मिल सके।




जन्मदिन उत्सव
महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO ज़ेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान



डॉ. एल.सी. मदरिया MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. एकर्ष मदरिया MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन: 07752-402070, 228277,
मो.: 9826190123, 9669979123

online Booking:-www.tripuryatra.com



20 वर्षों से
सुविधा ज्यादा खर्चा कम
बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरुपति बालाजी,
श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी,
40 शीटें शेष श्री कन्याकुमारी,
राशि:- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411

## खबर संक्षेप

### संघ शताब्दी वर्ष के अवसर पर हिंदू महासंगम का आयोजन 9 को

**बिश्रामपुर।** शहर में धर्म, संस्कृति और सामाजिक एकता का भव्य संगम का आयोजन 9 दिसंबर को होने जा रहा है,हिन्दू जनजागरण समिति मण्डल बिश्रामपुर द्वारा आयोजित हिन्दू महासंगम के लिए तैयारियां तेज हो चुकी हैं, गौरतलब है कि 9 दिसंबर मंगलवार को दोपहर 1 बजे से दशहरा मैदान केंद्रीय चिकित्सालय के सामने संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर बिश्रामपुर खंड में हिंदू महासंगम का विशेष रूप से आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का प्रभाव क्षेत्र बढ़ाने और सामाजिक एकता का संदेश घर-घर पहुंचाने स्वयंसेवक लगातार ग्रामीण क्षेत्रों,कॉलोनियों और बाजारों में जाकर लोगों को आमंत्रण पत्र बांट रहे हैं,हर घर तक पहुंचने का लक्ष्य लेकर स्वयंसेवक सुबह से शाम तक संपर्क अभियान चला रहे हैं,आयोजकों के अनुसार यह कार्यक्रम केवल धार्मिक आयोजन नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति, संस्कार और सामाजिक समरसता का महापर्व होगा,कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों के आने की संभावना है,आयोजन समिति ने बताया कि महाभंडारे की विशेष व्यवस्था की गई है।

### संयुक्त टीम ने केतकी खदान क्षेत्रीय लैब का किया निरीक्षण



**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र में इन दिनों गुणवत्ता सुधार पखवाड़ा सक्रिय रूप से चल रहा है,इसी क्रम में शुक्रवार को क्षेत्र की महत्वपूर्ण केतकी खदान और क्षेत्रीय लैब का उच्च अधिकारियों की टीम द्वारा निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान खदान संचालन,सुरक्षा मानकों,सैंपल की गुणवत्ता और लैब परीक्षण प्रक्रियाओं की गहन समीक्षा की गई,उच्च अधिकारियों के निरीक्षण दल में विजय कुमार राय मुख्य प्रबंधक गुणवत्ता,हरीश कुमार उप प्रबंधक गुणवत्ता,बसंत लाल राजवाड़े तकनीकी निरीक्षक,क्षेत्रीय गुणवत्ता प्रबंधक अमरेंद्र नारायण सिंह तथा अन्य तकनीकी विशेषज्ञ मौजूद रहे,टीम ने खदान के विभिन्न सेक्शनों का दौरा किया और उत्पादन कार्य तथा सुरक्षा उपायों के अनुपालन की स्थिति का मूल्यांकन किया,इसके बाद क्षेत्रीय लैब में नमूनों की जांच प्रक्रिया, सटीकता और रिकॉर्डिंग सिस्टम की विस्तृत समीक्षा की गई,निरीक्षण उपरांत टीम लीडर विजय कुमार राय ने गुणवत्ता सुधार पखवाड़ा के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों को पुरस्कृत भी किया।

### रासेयो ने योगाभ्यास के बाद निकाली जागरूकता रैली




**करवां।** उमा विन्ध्यवासिनी संस्कार महाविद्यालय लटोरी द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय कार्य योजना अंतर्गत ग्राम पंचायत गजाधरपुर में रैली तथा योगाभ्यास से किया गया। परियोजना कार्य के अंतर्गत गजाधरपुर के ग्राम पंचायत भवन का मैदान, नल की साफ - सफाई कर जागरूकता का संदेश दिया गया। मध्यांतर में बौद्धिक चर्चा में मुख्य अतिथि के रूप में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती पुष्पा, सहायिका पूर्णिमा जायसवाल उपस्थित थी। एनएसएस अधिकारी भागीरथी पातर, सहायक अधिकारी सुश्री उषा किरण भगत। स्वयं सेवकों की टीम द्वारा गीत प्रस्तुति, स्वामी विवेकानंद के जीवन परिचय तथा दार्शनिक विचारों का वर्णन किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा युवाओं के कर्त्तव्य एवं देश हमारा विकसित हो समाज सेवा की राह में चले आदि विषयों पर चर्चा की गई। इस दौरान छात्र-छात्राएं एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

### पुलिस व ग्रामीणों के बीच हुए खूनी संघर्ष को लेकर कांग्रेस की जांच टीम गठित

**अंबिकापुर।** अमेरा कोल खदान के विस्तार को लेकर परसोडीकला में हुए विरोध प्रदर्शन और पुलिस एवं ग्रामीणों के बीच झड़प के ममले में अब प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने जांच टीम का गठन किया है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने पूर्व मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह को संयोजक बनाया है। इसके साथ ही पूर्व मंत्री के नेतृत्व में दस सदस्यीय टीम का गठन किया गया है। टीम में सदस्य के रूप में विधायक इंद्रशाह मंडावी, विधायक जनक ध्रुव, पूर्व महापौर डॉ. अजय तिर्की, कांग्रेस जिलाध्यक्ष बाल कृष्ण पाठक, पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश गुप्ता, पूर्व जिपं अध्यक्ष श्रीमती मधु सिंह, महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती सीमा सोनी, डीसीसी उपाध्यक्ष मुनेश्वर राजवाड़े, जिपं सदस्य श्रीमती अनिमा केरकेट्टा को शामिल किया गया है। जांच समिति प्रभावित क्षेत्र का दौरा करने के साथ ही स्थानीय ग्रामीणों, प्रभावितों से मिलकर वस्तु स्थिति की जानकारी लेने के साथ ही अपनी रिपोर्ट प्रदेश कांग्रेस कमेटी को सौंपेगी। बता दें कि कोल खदान के विस्तार को लेकर विरोध प्रदर्शन ने खूनी संघर्ष का रूप ले लिया था जिसमें पुलिस व ग्रामीणों की ओर से जमकर पत्थरबाजी हुई। पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़ने के साथ ही लाठी भांजी थी।

### वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी को हटाने की मांग, सौंपा ज्ञापन

**उदयपुर।** उप सरपंच संघ ने वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी को हटाने की मांग को लेकर कलेक्टर के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। साथ ही कार्रवाई किए जाने की मांग की है। कलेक्टर के नाम सौंपे ज्ञापन में उप सरपंच संघ के पदाधिकारियों ने बताया है कि उयपुर विकासखंड के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी राधाकृष्ण यादव के भ्रष्टाचार के सम्बन्ध में कृषि मंत्री को अवगत कराया गया था।

---

गंभीर एवं सामान्य मरीजों के लिए है दो अलग-अलग इलेक्ट्रिक वाहन

# मरीजों को लाने ले जाने मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपलब्ध है दो वाहन, फिर भी नहीं मिल रहा लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- व्हील चेयर और स्ट्रेचर से मरीज का जांच कराने को मजबूर परिजन

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो इसके लिए न सिर्फ विभिन्न जांच सुविधाएं उपलब्ध है बल्कि मरीजों को जांच कराने के लिए दो इलेक्ट्रिक वाहनों की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। हैरानी की बात तो यह है कि वाहनों के सुविधा होने के बावजूद मरीजों का इसका लाभ नहीं मिल रहा। आलम यह है कि वाहन सुविधा नहीं मिलने से परिजन खुद ही मरीज के जांच कराने के लिए व्हील चेयर को धक्का लगाने को मजबूर है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में गंभीर एवं सामान्य मरीज के लिए दो अलग अलग इलेक्ट्रिक वाहन है बावजूद इसके मरीजों को वाहनों का लाभ नहीं मिलने से अब वाहन सिर्फ शो पीस बनकर रह गई है। ऐसे में मुख्य मार्ग होने तथा वाहनों के आवागमन करने से हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है।

मेडिकल कॉलेज अस्पताल के महिला सर्जिकल, मेडिकल वार्ड सहित एमसीएच में दाखिल मरीजों को सीटी स्कैन, एक्स-रे जांच के लिए पूर्व की भांति सड़क पार कर ओपीडी परिसर ले जाना पड़ता है। एक तो जांच कक्ष के दूर होने तथा दूसरी ओर मरीजों को स्ट्रेचर एवं व्हील चेयर से सड़क पार कराकर ले जाने के दौरान परिजन सहित मरीज को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। खास कर सड़क दुर्घटना में घायल हुए मरीजों को सड़क से लेकर जाने में न सिर्फ परेशानी होती है बल्कि वाहन से टकराने का भी खतरा बना रहता है। एमसीएच परिसर स्थित विभिन्न वार्ड में दाखिल मरीजों को जांच कराने के लिए परेशानियों का सामना न करना पड़े इसे ध्यान में रखकर अस्पताल प्रबंधन ने मरीजों को राहत देने के लिए इस वर्ष ही जनवरी माह में लगभग 4 लाख की लागत से इलेक्ट्रिक स्काई राइडर वाहन की खरीदी की गई और मरीजों को विभिन्न जांच कराने लाने ले जाने के लिए उपलब्ध कराई गई। हालांकि इस इलेक्ट्रिक वाहन में मरीजों के सिर्फ बैठने की सुविधा थी जबकि गंभीर मरीजों के लिए एंबुलेंस उपलब्ध कराई जाती थी। समय पर एंबुलेंस नही मिलने के कारण गंभीर मरीजों को जांच कराने लाने ले जाने के लिए स्ट्रेचर का ही सहारा लेना पड़ता था। गंभीर मरीजों के विभिन्न जांच में हो रही परेशानी के मद्देनजर अस्पताल प्रबंधन द्वारा साल के अंतिम माह दिसंबर में एक और इलेक्ट्रीक स्काई राइडर वाहन की खरीदी लगभग पांच लाख की लागत से की जो गत दिन से मरीजों के लिए शुरू किया गया। हैरानी की बात तो यह है कि अस्पताल में दाखिल मरीजों के सुविधा के लिए अब दो इलेक्ट्रिक वाहन की सुविधा हो गई है। लेकिन कर्मचारियों के लापरवाही के कारण मरीजों को वाहन सुविधा का लाभ नहीं मिल रहा है। ऐसे में परिजन खुद ही मरीज को व्हील चेयर में बैठा कर सड़क पार कर विभिन्न जांच कराने को मजबूर है।



ओपीडी में खड़ी इलेक्ट्रिक वाहन।



व्हीलचेयर से मरीज को जांच कराने ले जाते परिजन।

#### मरीजों की सुविधा के लिए है दो इलेक्ट्रिक वाहन

मरीजों के विभिन्न जांच तथा मरीजों को वार्ड तक पहुंचाने के लिए दो इलेक्ट्रिक वाहन की सुविधा है। एक इलेक्ट्रिक वाहन की खरीदी साल के शुरुआत जनवरी माह में 4 लाख की लागत से की गई तो वहीं दूसरी इलेक्ट्रिक वाहन की खरीदी साल के अंतिम माह दिसंबर में 5 लाख की लागत से की गई। एक वाहन में सिर्फ बैठने की व्यवस्था है जबकि गंभीर के नहीं बैठ पाने पर मरीजों को वाहन से लेकर जाना मुश्किल है। ऐसे अस्पताल प्रबंधन द्वारा दूसरी इलेक्ट्रिक वाहन की खरीदी की गई जिसमें मरीज को लिटा कर आसानी से जांच करने ले जाया जा सकता है।

#### दुर्घटना की संभावना

मेडिकल कॉलेज अस्पताल दो हिस्सों में बटा है मुख्य ओपीडी व एमसीएच के बीच से मुख्य मार्ग गुजरी है जहां से बड़ी संख्या वाहन सवार आवागमन करते है। सड़क की एक और ओपीडी, आपात कालीन सेवा, सीटी स्कैन, एक्स-रे, पैथोलेब, ब्लड बैंक व कार्यालय सहित अन्य जांच लेब है। जबकि सड़क की दूसरी ओर 100 बिस्तर मातृ शिशु अस्पताल के अलावा महिला सर्जिकल, मेडिकल व अन्य वार्ड संचालित है। एमसीएच क्षेत्र में दाखिल मरीजों को व्हील चेयर या स्ट्रेचर से जांच के लिए ओपीडी की ओर लाने के लिए भीड़भाड़ वाले क्षेत्र से होकर गुजरना पड़ता है। ऐसे में मुख्य मार्ग से गुजर रहे वाहन से दुर्घटना की संभावना बनी रहती है।

#### मरीज के साथ होते हैं स्टाफ

अस्पताल में मरीजों को विभिन्न जांच कराने के लिए दो वाहन उपलब्ध है। गंभीर मरीजों के लिए स्ट्रेचर वाली वाहन है जबकि सामान्य मरीज के लिए बैठने वाले वाहन है। बैठने वाली वाहन से मरीज जांच कराने गए होंगे जिससे वाहन नहीं मिली होगी। हालांकि मरीज को व्हील चेयर से जांच कराने के दौरान सुरक्षा के लिए स्टाफ साथ होते है।

-डॉ. आरसी आर्या
अस्पताल अधीक्षक

---

## करंजी रेलवे साइडिंग का राजस्व व पर्यावरण विभाग ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

करंजी रेलवे साइडिंग से फैलते प्रदूषण, अनियमित कोल परिवहन और ग्रामीणों की बढ़ती परेशानियों को गंभीरता से लेते हुए शुक्रवार को राजस्व विभाग और पर्यावरण विभाग की संयुक्त टीम ने स्थल का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण ने कई चौंकाने वाले खुलासे किए। कोयले का अवैध भंडारण, बिना अनुमति लोडिंग, पर्यावरणीय मानकों की अनदेखी और धूल नियंत्रण की किसी भी व्यवस्था का न होना पाया गया। ग्रामीणों की शिकायतें सही साबित होने के बाद अब इस साइडिंग को लेकर बड़े स्तर पर कार्रवाई की उम्मीद बढ़ गई है। निरीक्षण टीम के पहुंचते ही साइडिंग परिसर में विशाल मात्रा में कोयले का भंडारण दिखाई दिया।

उसी दौरान लोडिंग भी जारी थी, जबकि शासन स्तर पर इसके लिए आवश्यक अनुमति व दस्तावेज की जांच करने पर कोई भी प्रमाण उपलब्ध नहीं कराया गया। स्थल पर मौजूद साइडिंग इंचार्ज विपिन कुमार साईं कृपा कंपनी, बुढ़ार शहडोल टीम के सवालों पर घिरते नजर आए। बताया जा रहा है कि यहां पर निरीक्षण टीम ने पाया कि पानी छिड़काव की कोई मशीन या टैंकर मौजूद नहीं था, विंड वाल या विंड ब्रेकिंग सिस्टम भी पूरी तरह नदारद, कोयले की ढुलाई से लगातार उठ रही धूल साइडिंग सड़कों और खेतों में फैल रही थी। टीम के अधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि इतना बड़ा संचालन बिना धूल नियंत्रण के चलाना गंभीर पर्यावरणीय अपराध की श्रेणी में आता है। यहां पर निरीक्षण के दौरान पर्यावरणीय सहमति, रेलवे संचालन परमिशन, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनिवार्य कागजात कहीं भी उपलब्ध नहीं थे। निरीक्षण टीम ने इसे गंभीर लापरवाही व नियमों का खुला उल्लंघन कहा है। साइट प्रतिनिधियों ने बताया कि यहां पर कोयला मेसर्स आमगांव ओसीएम, केतकी अंडरग्राउंड खदान व मेसर्स जगन्नाथपुर ओसीएम से आता है। यहां से लोड होकर कोयला एसजीटीपी बिरसिंहपुर पावर प्लांट व एमआर उत्कल एल्यूमिनियम, उड़ीसा भेजा जाता है।



यहां पर रायगढ़ से कोल डस्ट मंगाकर फ्लोरिंग और लोडिंग का कार्य भी किया जा रहा है। टीम ने इस पर भी कड़ी आपत्ति जताई है। निरीक्षण के दौरान बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने अधिकारियों को बताया कि हैवी डस्ट से सांस की बीमारियां बढ़ रही हैं। कोयले की धूल खेतों पर जमकर फसलों को खराब कर रही है। धूल और गंदगी तालाबों, कुओं और नालों में पहुंच रही है, जिससे पानी पीने योग्य नहीं रह गया है।ग्रामीणों ने कहा कि साइडिंग के माध्यम से कोल डस्ट की अवैध ढुलाई भी होती है, जिससे सड़कें काली और फिसलनभरी हो जाती हैं। ग्रामीणों ने अधिकारियों से तत्काल रोक लगाने और जिम्मेदारों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।राजस्व और पर्यावरण विभाग की टीम ने सभी अनियमितताओं का मौके पर पंचनामा तैयार किया और स्पष्ट किया कि पूरा मामला उच्च अधिकारियों तक भेजा जाएगा। अधिकारियों ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया है कि आगामी दिनों में सख्त निगरानी, नियमों का पालन और आवश्यकता पड़ने पर सीलिंग या संचालन पर रोक जैसी कार्रवाई भी हो सकती है।

## सीएमएचओ एवं कार्यक्रम प्रबंधक ने सीएचसी लटोरी का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- कार्य में लापरवाही बरतने की मिल रही थी शिकायत
- एक सप्ताह पूर्व ड्यूटी डॉक्टर के नदारद रहने की वजह से लटोरी पुलिस को एमएलसी कराने एवं कानूनी प्रक्रिया में हुई थी देरी

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लटोरी में चिकित्सा व्यवस्था में लापरवाही बरते जाने की शिकायत मिलने पर सूरजपुर सीएमएचओ डॉ कपिलदेव पैकरा और जिला कार्यक्रम प्रबंधक संदीप नामदेव द्वारा सीएचसी लटोरी का औचक निरीक्षण किया गया,जिसमें वहां पर पदस्थ सभी कर्मचारियों का आधार अटेंडेंस उपस्थिति जांच किया गया,साथ ही समय पर अस्पताल खुलने एवं सामुदायिक स्तर पर स्वास्थ्य संबंधित सभी प्रकार के सुविधाओं को देने के लिए निर्देशित किया गया।

संस्था प्रभारी को 10.30 बजे तक आधार अटेंडेंस की उपस्थिति अनिवार्य रूप से निगरानी करते हुए अनुपस्थित लोगों का सूची सीएमएचओ कार्यालय भेजने के लिए निर्देश दिए गए,इसके बाद नवापारा लटोरी में चल रहे टीकाकरण केंद्र का औचक निरीक्षण किया गया, जिसमें ड्यू लिस्ट एमसीएच रजिस्टर, आरसीएच रजिस्टर में बच्चों और गर्भवती माताओं का टीकाकरण इंद्राज करने और गर्भवती माता का चार जांच इंद्राज करने के लिए निर्देशित किया गया।



पूछताछ करते सीएमएचओ।

साथ ही उच्च जोखिम वाले गर्भवती माता का चिन्हांकित कर समय पर उन्हें स्वास्थ्य सुविधाएं देते हुए सुरक्षित प्रसव करने हेतु निर्देशित किया गया,गौरतलब है कि सप्ताह भर पूर्व ही यहां पदस्थ चिकित्सक राजेश साव द्वारा ड्यूटी से नदारत रहने की वजह से पुलिसिंग कार्यवाही में विलंब होने की खबर भी प्रमुखता से प्रकाशित की गई थी,इसी वजह से सीएमएचओ द्वारा आज शुक्रवार को सीएचसी लटोरी का निरीक्षण किए जाने की आशंका जताई जा रही है।

## धान खरीदी अव्यवस्था पर फूटा किसानों का गुस्सा, किया धरना प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

- छह दिन की मोहलत के बाद किया धरना प्रदर्शन समाप्त

धान खरीदी केंद्रों में रकबा कटौती, ऑनलाइन टोकन की अव्यवस्था, सहकारी समितियों द्वारा किसानों से जबरन बोरी पलटी व छल्ली कराने जैसी समस्याओं के विरोध में आज बड़ी संख्या में किसानों ने तहसील परिसर में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। किसानों ने साफ चेतावनी दी कि यदि छह दिनों के भीतर समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।



धरना कार्यक्रम कांग्रेस प्रदेश महामंत्री शिव भजन मरावी के नेतृत्व में किया गया। सभा को संबोधित करते हुए श्री मरावी ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार किसान-विरोधी नीतियों ने खेत–खलिहानों में संकट ला दिया है। धान रकबा कटौती और टोकन अव्यवस्था से किसान परेशान हैं। समितियों में किसानों से जबरन बोरी पलटी करवाना असंवेदनशील को दर्शाता है। श्री मरावी ने चेतावनी दी है कि 6 दिनों में व्यवस्था नहीं सुधरी तो प्रतापपुर से सूरजपुर तक आंदोलन किया जाएगा। कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुश्री शशि सिंह ने कहा कि किसान देश का अन्नदाता है और उसके साथ हो रहे अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। धरना स्थल से किसानों ने कलेक्टर के नाम अनुविभागीय अधिकारी प्रतापपुर के माध्यम से ज्ञापन सौंपा। इसमें सभी धान खरीदी केंद्रों पर जबरन करवाए जा रहे बोरी पलटी और छल्ली कार्य को तत्काल बंद करने की मांग की गई है। इस दौरान विद्यासागर सिंह, जगत लाल आयाम, नवीन जायसवाल, इम्तियाज़ जफ़र, त्रिभुवन सिंह, संजीव श्रीवास्तव, हरि कुशवाहा, विजय नारायण कुशवाहा, सुमन प्रजापति, उमेश राजवाड़े, कमलेश राजवाड़े, बृजलाल, राम सुंदर मरकाम, जितेंद्र, विफन सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## मन की बात कार्यशाला में विभिन्न विषयों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मन की बात समिति की प्रथम बैठक व कार्यशाला नवानगर में भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया के मुख्य आतिथ्य एवं मण्डल अध्यक्ष बाली चरण यादव की अध्यक्षता में हुई। जिलाध्यक्ष श्री सिसोदिया ने उपस्थित पदाधिकारियों से चर्चा की तथा हर माह अलग-अलग थीम पर कार्ययोजना बनाकर एक पेड़ मां के नाम, स्वच्छता, खेल-कूद प्रतियोगिता सभी 787 बूथों पर आयोजित करने को कहा। उन्होंने आत्मनिर्भर भारत के विधानसभावार कार्यक्रम में युवाओं को सम्मिलित करवाने तथा एसआईआर पर सभी बूथों में बीएलए 2 को सक्रिय भागीदारी रखने का मण्डल अध्यक्षों से आग्रह किया। कार्यशाला में पूर्व जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह ने कहा कि भाजपा अनवरत जनता के बीच में जाकर कार्य करते रहती है।

## भू अधिग्रहण अधिनियम का नहीं हो रहा पालन : भगत

- पत्रकार वार्ता में पूर्व मंत्री ने प्रदेश सरकार पर बोला हमला



**अम्बिकापुर।** पूर्व मंत्री अमरजीत भगत ने अपने निवास में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि राज्य सरकार का 2 वर्ष पूर्ण होने पर प्रदेशभर में उत्सव मनाने की तैयारी है। राज्य की भाजपा सरकार ने कांग्रेस के 400 यूनिट बिजली बिल हाफ योजना को बंद कर दिया तथा काफी विरोध के बाद 200 यूनिट तक हाफ योजना का लाभ अब मिलेगा। धान खरीदी के लिए किसानों का पंजीयन नहीं हो पा रहा है, प्रदेश के हजारों किसानों का रकबा काट दिया गया है। सरगुजा से लेकर बस्तर तक के ग्रामीणों को माइनिंग के लिए केन्द्रीय भू-अधिग्रहण अधिनियम 2013 के अनुसार सरकार मुआवजा नहीं दे रही है।

श्री भगत ने कहा कि जश्न मनाने से पहले सरकार स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक विकास व नहीं किए गए विकास कार्यों के साथ कितने स्कूल बंद किए तथा शराब की कितनी दुकानें खोली है इस संबंध में सरकार श्वेत पत्र जारी कर जनता को बताए। उन्होंने कहा कि सरगुजा के मैनपाट में बिना ग्राम सभा के प्रस्ताव के कई ग्रामों में माइनिंग की तैयारी हो रही है जिससे स्थानीय लोगों में असंतोष है। मैनपाट में माइनिंग हुआ तो पर्यटन की संभावना समाप्त हो जाएगी। घुनघुट्टा नदी एवं मछली नदी सहित अन्य जल स्त्रोतों को क्षति पहुंचाने में सरकार कोई भी कसर नहीं छोड़ रही है। इस दौरान पूर्व मंत्री श्री भगत ने कहा कि जिन क्षेत्रों में माइनिंग होगा, केन्द्रीय भू अधिग्रहण अधिनियम 2013 के अनुसार चार गुना मुआवजा देने का प्रावधान है परंतु सरकार, प्रशासन एवं कंपनिया इसके विरूद्ध काम कर रही हैं जो लोगों के साथ अन्याय है। श्री भगत ने कहा कि धान खरीदी के लिए किसानों का अब तक पंजीयन नहीं हो पाया है। रकबा में कटौती से किसान परेशान है। अमेरा माइंस में कोयला खनन को लेकर ग्रामीणों एवं एसईसीएल, पुलिस के बीच बुधवार को हुई झड़प को श्री भगत ने जनभावना के विपरीत बताया तथा कहा कि बिना सहमति एवं नौकरी के खनन संभव नहीं है।

### मिर्गी का दौरा पड़ने से गिरा बाइक सवार, मौत

**अम्बिकापुर।** कांसाबेल अंतर्गत ग्राम बंगलाटोरी सहरा पानी निवासी जस्बावीन कुजूर आ. नासरीत कुजूर (31 वर्ष) गांव में बाइक से अकेले किराना दुकान में सामान लेने जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में अचानक मिर्गी का दौरा पड़ने से अनियंत्रित होकर बाइक सहित सड़क पर गिर गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन युवक को कांसाबेल अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान युवक की बीती रात मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## विधायक उद्धेश्वरी पैकरा ने मदगुरी एवं लरीमा हाई स्कूल में की साइकिल वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुसमी

विधायक उद्धेश्वरी पैकरा की मुख्य आतिथ्य एवं जिपं अध्यक्ष हिरामुनि निकुंज,जनपद अध्यक्ष बसंती भगत,जनपद उपाध्यक्ष अशोक सोनी की उपस्थिति में मदगुरी हाई स्कूल में 21 एवं लरीमा हाई स्कूल में 19 छात्राओं को साइकिल वितरण किया। दोनों विद्यालय के बालिकाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। जिस पर विधायक उद्धेश्वरी री पैकरा द्वारा दोनों विद्यालय के बालिकाओं को 1500-1500 की नगद राशि से पुरस्कृत किया।

इस अवसर पर विधायक उद्धेश्वरी पैकरा ने कहा कि सभी बालिकाएं समय से विद्यालय आना जाना करें तथा मन लगाकर पढ़ाई करते हुए घर के कामकाज में भी मां पिता का हाथ बटाए। शासन आज कल जन्म से लेकर पूरे पढ़ाई समय तक पढ़ने वाले बालक,बालिकाओं के लिए कई योजनाओं का लाभ दे रहा है। सरस्वती साइकिल वितरण योजना पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के शासन से लागू की गई है, जो आज भी जारी है। इस दौरान लक्ष्मण सिंह पैकरा, केदार गुप्ता, राकेश भारती, राजेश्वर गुप्ता, मुरारी सोनी,



सुनीता भगत, बालों बाई, रविन्द्र भगत,थाना प्रभारी कोरंधा सहित ग्राम पंचायत के सरपंच, अभिभावक विद्यालय के शिक्षक के अलावा बड़ी संख्या में विद्यालय के छात्र,छात्राएं उपस्थित थे। गुणवत्ता सुधार पखवाड़ा के दौरान संयुक्त टीम ने केतकी खदान व क्षेत्रीय लैब का किया निरीक्षण बिश्रामपुर। एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र में इन दिनों गुणवत्ता सुधार पखवाड़ा सक्रिय रूप से चल रहा है,इसी क्रम में शुक्रवार को क्षेत्र की महत्वपूर्ण केतकी खदान और क्षेत्रीय लैब का उच्च अधिकारियों की टीम द्वारा निरीक्षण किया गया।

## खबर संक्षेप

### जिपं सीईओ ने घरघोड़ा में की योजनाओं की समीक्षा

**रायगढ़।** जिला पंचायत सीईओ अभिजीत बबन पठारे की अध्यक्षता में शासन की विभिन्न जन कल्याणकारी एवं महत्वाकांक्षी योजनाओं की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण सहित सभी प्रमुख विभागों के शाखा प्रभारियों एवं पंचायत सचिवों ने भाग लिया। सीईओ श्री पठारे ने प्रत्येक योजना की वर्तमान प्रगति का बिंदुवार मूल्यांकन करते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप समय, गुणवत्तापूर्ण और पारदर्शी कार्य सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर निर्धारित समय.सीमा में पूर्ण किया जाए तथा किसी भी स्तर पर कार्य की गुणवत्ता से समझौता न किया जाए। जिला पंचायत सीईओ श्री पठारे ने कहा कि लक्ष्यों के अनुरूप बेहतर परिणाम तभी संभव हैं, जब फील्ड स्तर पर सतत मॉनिटरिंग और निरीक्षण सुनिश्चित हो। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि मैदानी भ्रमण बढ़ाएंए योजनाओं की वास्तविक प्रगति का आंकलन करें और उत्पन्न समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। बैठक में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, व्यक्तिगत शौचालय निर्माण, ग्राम स्वच्छता गतिविधियों तथा जन.जागरूकता अभियानों की प्रगति का भी विस्तृत आकलन किया गया।

### अमीन पटवारी की परीक्षा आज, बनाए गए 57 सेंटर

**रायगढ़।** व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर की ओर से आयोजित जल संसाधन विभाग की अमीन पटवारी भर्ती परीक्षा कल 7 दिसंबर को आयोजित की जाएगी। परीक्षा सुबह 12 बजे से दोपहर 2:15 तक आयोजित की जाएगी। रायगढ जिले में परीक्षा के लिए कुल 57 केन्द्र बनाए गए हैं, जिसमें लगभग 16091 अभ्यर्थी शामिल होंगे। व्यांपम के द्वारा इस परीक्षा के लिए एक सप्ताह पूर्व ही एडमिट कार्ड जारी कर दी गई थी। जिसके अनुसार परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र में 2 घंटा पूर्व पहुंचना अनिवार्य होगा। ताकि प्रवेश के पूर्व सभी अभ्यर्थियों का अनिवार्य रूप से फ्रिस्किंग समय पर किया जा सके। परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार परीक्षा शुरू होने के 30 मिनट पहले बंद कर दिया जाएगा। इसके लिए परीक्षार्थी समय का विशेष ध्यान रखेंगे। इस परीक्षा के लिए कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के द्वारा सभी केन्द्रों की सतत निगरानी हेतु ऑब्र्जवर की नियुक्ति की गई है। सभी ऑब्जर्वर को 7 दिसंबर को ही सुबह 7 बजे से गोपनीय सामाग्रियों का वितरण किया जाएगा।

### आधा दर्जन गौ वंश से भरे वाहन जब्त

**राउरकेला।** कुतरा पुलिस के द्वारा गौ वंश की तस्करी करते हुए एक बोलेरो को जब्त किया गया। उसमें आधा दर्जन गौ वंश लदे थे। इस मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार किया गया है जबकि अन्य लोग फरार हो गए। पुलिस मामला दर्ज कर इसकी जांच कर रही है। खतकुल बहाल से गौ तस्करी होती रही थी पर पिछले कुछ महीने से पुलिस की ओर से सख्ती बरतने के साथ ही आरोपितों को पकड़ा जा रहा है एवं कार्रवाई की जा रही है। अवैध तरीके से गौ वंश को लेकर जा रहे वाहन को पुलिस के द्वारा किरिंगसेरा के पास पकड़ा गया।

## पृष्ठ 1 का शेष

### प्राथमिक शाला में ...

चपरासी (भृत्य) की नियुक्ति की जाती है। इसके बावजूद, खजरीढाब प्राथमिक शाला में पदस्थ शिक्षकों को न तो कानून का डर है और न ही उच्च अधिकारियों का। बच्चों को पढ़ाई करवाने के बजाय उनसे मवेशियों का गोबर मंगाना और भारी बर्तन उठवाना बाल श्रम और 'शिक्षा के अधिकार अधिनियम' का सीधा उल्लंघन है।

### हिन्दू समाज के ...

मिली। देश ने ऐसे ऐसे चरित्र दुनिया के सामने रखे जिन्होंने पूरी मानवता के कल्याण का मार्ग प्रशस्त किया। इसके लिए उन्होंने महिलाओं की भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि श्री राम, शिवाजी और विवेकानंद जैसे चरित्र देश को तब तक नहीं मिल सकते थे यदि उनकी माताओं ने उनमें ऐसे संस्कारों का प्रत्यारोपण नहीं किया होता। आज पुनः महिला शक्ति को उसी प्रकार अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए आगे आना चाहिए और बच्चों को संस्कारवान बनाना चाहिए।

---

पूर्व में तहसीलदार और पटवारी की सांठगांठ से निजी तौर पर सात लोगों के नाम किया गया था दर्ज

# एसडीएम के आदेश से मचा हड़कंप, खसरा नंबर 3 की 2.46 एकड़ रिकार्ड में नजूल जमीन दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

डेढ़ साल से एसडीएम और तहसील कार्यालय का चक्कर काटने वाले केलो विहार शासकीय गृह निर्माण सहकारी समिति की आखिरकार जीत हुई है। एसडीएम ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनन के बाद गुरुवार को फैसला सुनाते हुए केलो विहार के खसरा नंबर 3 रकबा 2.46 एकड को सरकारी रिकार्ड में नजूल जमीन दर्ज करने का फैसला सुनाया है। एसडीएम महेश शर्मा के इस आदेश के बाद एक बारगी हड़कंप जैसी स्थिति निर्मित हो गई है। कारण यह जमीन चार करोड़ में बिक चुकी है। पूर्व में तहसीलदार और पटवारी की सांठगांठ से

**खास बात**
- पहले से ही यह है केलो विहार गृह निर्माण समिति को किया गया था आबंटित, अब एसडीएम ने सुनाया फैसला




इस जमीन को निजी तौर पर आठ लोगों के नाम दर्ज कर दिया गया था। इसके बाद यह जमीन विक्री हो गई और जब नामांतरण के लिए तहसील कार्यालय में आवेदन लगा तो केलो विहार शासकीय गृह निर्माण सहकारी समिति द्वारा इस पर आपत्ति लगाई गई। इसके बाद डेढ़ साल तक मामले की सुनवाई चली। गुरुवार को एसडीएम श्री शर्मा ने इसका फैसला सुना दिया और सरकारी रिकार्ड में नजूल दर्ज करने कहा है। यह शहर का सबसे हाई प्रोफाइल मामला है। इस मामले में सबसे बड़ी गड़बड़ी तत्कालीन तहसीलदार और पटवारी ने मिलकर किया था। पूरी जानकारी होने के बाद भी पहले तो पटवारी ने प्रतिवेदन दे दिया और इसके आधार पर तहसीलदार ने आठ लोगों का नाम दर्ज करने का आदेश दे दिया। यह प्रकरण तीन साल के भीतर का ही है। ग्राम छोटे अंतरमुड़ा तह व जिला रायगढ़ में स्थित खसरा नंबर 3 रकबा 2.46 एकड़ जमीन 1950-51 में शासकीय नजूल भूमि के रुप में दर्ज था। इस जमीन को तत्कालीन मध्यप्रदेश शासन की ओर से 3 फरवरी 1996 को केलो विहार गृह निर्माण समिति रायगढ़ को आबंटित किया गया था। इसके बाद इस जमीन को लेकर बहादुर सिंह पिता स्व जगमोहन सिंह द्वारा एक व्यवहार वाद 2002 में दायर किया गया था। इस व्यवहारवाद का निर्णय 25 सितंबर 2023 को पारित किया गया। जिसमें बहादुर सिंह द्वारा प्रस्तुत वाद को निरस्त कर दिया गया। इसी आदेश के आधार पर तत्कालीन तहसीलदार ने बहादुर सिंह के नाम पर दर्ज करने का आदेश पारित कर दिया। साथ ही उनकी मौत होने के बाद उनके आठ उत्तराधिकारियों के नाम पर 13 अगस्त 2024 को फौती दर्ज करने का आदेश पारित किया गया। साथ ही इसके तत्काल बाद यह जमीन तीन करोड़ 70 लाख में विक्री हो गई। बिक्री के बाद नामांतरण के लिए आवेदन लगाने जब जानकारी मिली तो केलो विहार शासकीय गृह निर्माण सहकारी समिति की ओर से इसमें आपत्ति दर्ज की गई। तब से अब तक यह मामला एसडीएम कोर्ट से लेकर खरसिया एसडीएम कोर्ट और बिलासपुर राजस्व मंडल के बीच घुमता रहा। आखिरकार अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील स्वीकार करते हुए ग्राम छोटे अंतरमुड़ा पटवारी हल्का नंबर 46 खसरा नंबर 3 रकबा 2.46 एकड़ जमीन के राजस्व अभिलेखों में पूर्ववत शासकीय नजूल भूमि दर्ज करने का आदेश पारित किया गया है। यह आदेश 4 दिसंबर को एसडीएम द्वारा पारित किया गया है।

### जिले में 19 दिनों में 3.24 लाख क्विंटल से अधिक धान की खरीदी

**रायगढ़।** धान खरीदी करीब 19 दिन पूरे हो गए हैं। 19 दिन में 3 लाख 24 हजार 834.80 क्विंटल धान खरीदी हो चुकी है। खरीदी प्रक्रिया में 2.891 सीमांत, 1,661 लघु और 1,486 दीर्घ किसान अब तक धान विक्री कर चुके है। खरीदी के बाद 6,295.71 लाख रुपये किसानों के खातों में ऑनलाइन माध्यम से हस्तांतरित किए जा चुके हैं। सहकारी संस्थाओं और बैंकों के नियमों के अंतर्गत धान खरीदी राशि में से 1,257.74 लाख रुपए की ऋण वसूली की गई है। ऋण समायोजन के बाद शेष राशि सीधे किसानों के खातों में भेजी जा रही है, जिससे वित्तीय लेनदेन पूर्णतः पारदर्शी बना हुआ है।जिले में अब तक 113.1564 हेक्टेयर भूमि क्षेत्र किसानों द्वारा समर्पित किया जा चुका है। इससे खरीदी प्रक्रिया की सटीकता और सुगमता में वृद्धि हुई है। धान की खरीदी, भौतिक सत्यापन, भुगतान, सुरक्षा व्यवस्था इन सभी पहलुओं पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। भुगतान की प्रगति की रियल टाइम मॉनिटरिंग भी की जा रही है, जिससे किसी भी प्रकार की देरी या शिकायत को तुरंत दूर किया जा सके।

---

# व्याख्याता पदोन्नत होकर बने प्राचार्य, स्कूलों में अब बच्चों को पढ़ाने शिक्षकों की हो गई कमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले के 120 से अधिक व्याख्याता पदोन्नति के पश्चात प्राचार्य बन गए हैं, लेकिन हाई एवं हायर सेकेन्डरी स्कूलों में बच्चों को पढानें के लिए अब व्याख्याताओं का टोटा हो गया है।

ज्ञात हो कि स्कूल शिक्षा विभाग में लंबे समय के इंतजार के बाद व्याख्याताओं की पदोन्नति की गई, जिसमें कई स्कूलों के व्याख्याता पदोन्नत होकर अब प्राचार्य बन गए है। वही 6 माह पहले पदोन्नत प्राचार्यों को भी पोस्टिंग आर्डर मिल गया है। सभी प्राचार्यों ने पदभार भी ग्रहण कर लिया। इसी प्रक्रिया के अंतर्गत रायगढ जिलें में भी 100 से अधिक व्याख्याताओं को पदोन्नत कर प्राचार्य बनाया गया। सालों के इंतजार के बाद पदोनति मिलने से जहां नवपदस्थ प्राचार्यों में खुशियां हैं तो वहीं कई हाई और हायर सेकेण्डरी स्कूलों में गणित, विज्ञान, रसायन, अंग्रेजी के व्याख्याताओं के पद खाली हो गए है। स्कूलों में बच्चों को पढानें के लिए अब व्याख्याताओं की कमी हो गई है। ज्ञात है कि इस बार बोर्ड की परीक्षाएं भी 20 फरवरी से शुरू होने वाली हैं वहीं अगले सप्ताह से स्कूलों में छमाही की परीक्षाएं शुरू हो जाएंगी। ऐसे में व्याख्याताओं के नहीं होने से बच्चों की पढाई प्रभावित होगी।



**5 ब्लॉकों के 120 से अधिक व्याख्याता हुए पदोन्नत**

शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार रायगढ जिले के 5 ब्लॉक के लगभग 120 से अधिक व्याख्याता पदोन्नत होकर प्राचार्य बन गए हैं। रायगढ और पुसौर ब्लॉक के कुल 54 हाई और हायर सेंकेडरी स्कूल हैं, इनमें से अधिकांश स्कूल प्रभारी प्राचार्य के भरोसे संचालित हो रहे थे। इनमें से 13 स्कूलों में प्रभारी प्राचार्य थे , जबकि 25 स्कूलों में अन्य व्याख्याता पदोन्नति के बाद प्राचार्य बनेंगे। रायगढ जिले की बात करे तो यहां 15 से अधिक प्रभारी प्राचार्यों के भरोसे संचालित हो रहे थे। अब इन स्कूलों को प्राचार्य तो मिल गए लेकिन इनकी जगह व्याख्याताओं के पद खाली हो गए हैं।

**स्कूलों में सिलेबस अधूरा व्याख्याताओं की ड्यूटी बीएलओ में**

प्राइमरी और मिडिल के शिक्षकों के अलावा बडी संख्या में व्याख्याताओं की ड्यूटी बीएलओं के रूप में लगाई गई है। एक ओर कई व्याख्याता पदोन्नति के पश्चात प्राचार्य बनकर रिलीव हो गए और दूसरी ओर कई व्याख्याताओं की ड्यूटी बीएलओं के रूप में लगा दी गई है। जिसकी वजह से स्कूलों में पढाई ठप्प हो गई है। स्कूलों में अब तक आधा सिलेबस नहीं हो पाया है, इस स्थिती में प्राचार्यों पर 10 वीं व 12वीं के रिजल्ट को बेहतर करनें का भी दबाव है तो वही स्कूलो में व्याख्याता नहीं होने पर प्राचार्य भी मजबूर हैं।

---

# बैगलेस डे पर विनीत जिंदल ने बांटे योग ड्रेस

**जशपुरनगर।** शनिवार बैगलेस डे पर स्वास्थ्य जागरूकता अभियान के तहत, स्थानीय समाजसेवी विनीत जिन्दल चार्टर्ड अकाउंटेंट ने प्राथमिक विद्यालय डीपाटोली के स्कूली बच्चों को योग ड्रेस का वितरण किया। इस अवसर पर बच्चों ने अतिथि का स्वागत आरती उतारकर, तिलक लगाकर ,पुष्प गुच्छ भेंटकर एवं गीत गाकर किया। विनीत जिंदल ने कहा इस पहल का उद्देश्य प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए नियमित रूप से योग अपनाने के लिए प्रेरित करना है। इस योग ड्रेस वितरण कार्यक्रम के दौरान समाजसेवी विनीत जिन्दल द्वारा 22 स्कूली बच्चों को योग ड्रेस बांटे गए, इस अवसर पर



योग सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें योग प्रशिक्षक के रूप में विद्यालय में पदस्थ शिक्षक महेश तिर्की ने विभिन्न आसनों और प्राणायाम का अभ्यास कराया। विद्यालय एवं बच्चों की सराहना करते हुए कहा कि आपके विद्यालय में लगे विभिन्न प्रकार के पेड़ - पौधे, पुष्प वाटिका और पोषण वाटिका विद्यालय को और भी आकर्षक बनाते हैं और इस हरियाली के बीच योगाभ्यास करना अद्भुत अनुभव प्रदान करता है, उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा आप सभी के विभिन्न आसनों को देखकर मैं बहुत खुश हुआ आपके शिक्षक बेहतर तरीके से आपको योगाभ्यास कराते हैं, आप सभी मन लगाकर पढ़ाई करें और परिवार, समाज और देश का नाम रोशन करें। प्रधान पाठक लव कुमार गुप्ता ने समाजसेवी के इस पहल की सराहना की और समाजसेवी के प्रति आभार व्यक्त किया।

### क्षतिग्रस्त बोराई पुल निर्माण को लेकर लिखा पाती

**खरसिया।** खरसिया के विधायक प्रतिनिधि सुकदेव डनसेना ने राष्ट्रीय राजमार्ग केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखा है। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 49 के क्षतिग्रस्त पुल को निर्माण कराने का अनुरोध किया है। पत्र में उन्होंने लिखा है कि नेशनल हाईवे सड़क क्रमांक 49 निर्माण वर्ष 2021-22 में पुल भाटा गांव मोहल्ला के पास बोराई नाला स्थित पुलिया का निर्माण किया गया था, जो तहसील खरसिया जिला रायगढ़ छत्तीसगढ़ के अंतर्गत स्थित है।यह पुल ठीक कुछ माह पूर्व क्षतिग्रस्त हो गया है जिसे बनाने एवं सुधारने के लिए आवेदन दिए 6 महीना से अधिक हो गया है किन्तु आज पर्यन्त तक पुल का निर्माण जो क्षतिग्रस्त है उसे नहीं सुधारा गया है।

# 15 दिनों में 6 गुम बच्चियां सकुशल वापस

**जशपुरनगर।** जिले में गुमशुदा बच्चों की तलाश को लेकर चलाए जा रहे 'ऑपरेशन मुस्कान' ने एक बार फिर बड़ी सफलता दर्ज की है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के निर्देशन में जशपुर पुलिस ने बीते 15 दिनों के भीतर 6 नाबालिक बच्चियों को ढूंढ निकाला, जिनमें से कई बच्चियां झारखंड और तेलंगाना में मिलीं। सभी को सुरक्षित परिजनों के हवाले कर दिया गया है।



जिले के सिटी कोतवाली, दुलदुला, आरा, पंडरापाठ और सोनक्यारी में दर्ज गुम इंसान के मामलों पर पुलिस ने प्राथमिकता के आधार पर काम किया। अधिकांश बच्चियां घरवालों की नाराज़गी में कहीं चली गई थीं, जबकि दो मामलों में शादी का झांसा देकर भगाए जाने की बात सामने आई। सिटी कोतवाली क्षेत्र की 14 और 16 वर्षीय बच्चियां क्रमशः 28 अक्टूबर और 16 नवंबर को गुम हुई थीं। पुलिस ने पातासाजी कर 14 और 17 नवंबर को ही दोनों को जशपुर क्षेत्र से बरामद कर लिया।उन्होंने बताया कि वे परिजनों से नाराज़ होकर रिश्तेदारों के पास चली गई थीं। 20 नवंबर को दर्ज सूचना के बाद पुलिस ने तकनीकी विश्लेषण और परिजनों के सहयोग से उसी दिन झारखंड के गुमला से बच्ची को बरामद कर लिया। बालिका परिजनों से नाराज़ होकर अकेली ही रिश्तेदारों के घर चली गई थी। 23 नवंबर को दर्ज मामले में 16 वर्षीय बच्ची पड़ोसी के घर जाने का कहकर निकली थी, पर वापस नहीं लौटी। शादी का झांसा देकर भगाने की आशंका पर पुलिस ने गुम इंसान व बीएनएस 137(2) के तहत मामला दर्ज किया और उसी दिन आरोपी के घर से बच्ची को बरामद कर लिया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

---

# हादसे में एक पैर गवां चुके युवक को लगेगा नया कृत्रिम पैर

मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में प्रस्तुत आवेदन पर सुनिश्चित की गई आवश्यक कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

एक दुःखद हादसे में अपना एक पैर खो चुके पुरेन्द्र यादव को रायपुर में नया कृत्रिम पैर लगाया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार उनका संपूर्ण इलाज तथा कृत्रिम पैर लगाने का समस्त व्यय शासन द्वारा वहन किया जाएगा। यह संवेदनशील पहल दैनिक मजदूरी से जीवनयापन करने वाले पुरेन्द्र के लिए उनके जीवन में एक नई उम्मीद और उत्साह का संचार करने वाली है।

ग्राम मयुरचुन्दी, तहसील दुलदुला निवासी पुरेन्द्र यादव ने मुख्यमंत्री के नाम कैंप कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि वे मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते थे, किंतु एक दुर्घटना के बाद उपचार के दौरान



डॉक्टरों की सलाह पर उनका एक पैर काटना पड़ा। दूसरे पैर की हड्डी तीन जगहों से टूटी हुई है, जिसमें अभी भी रॉड लगा हुआ है। इस कारण वे चलने-फिरने में पूर्णतः असमर्थ हो गए हैं। उन्होंने बताया कि इस स्थिति ने उनके परिवार को गंभीर आर्थिक संकट में डाल दिया है, क्योंकि घर में उनके अतिरिक्त कोई अन्य कमाने वाला सदस्य नहीं है।

**मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय बगिया की संवेदनशील करवाई**

पुरेन्द्र ने कैंप कार्यालय से कृत्रिम पैर उपलब्ध कराने का आग्रह किया ताकि वे पुनः अपने पैरों पर खड़े होकर जीवन की मुख्यधारा में लौट सकें। उनकी स्थिति को गंभीरता से समझते हुए कैंप कार्यालय ने तुरंत संवेदनशीलता के साथ आवश्यक कार्यवाही प्रारंभ कर दी और रायपुर में कृत्रिम पैर लगाए जाने की प्रक्रिया सुनिश्चित की। पुरेन्द्र यादव ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त हुए कहा कि शासन की इस पहल ने उनके जीवन में फिर से विश्वास, साहस और आशा की किरण जगाई है।

# उद्यानिकी कॉलेज कोतबा में मनाया गया विश्व मृदा दिवस

**कोतबा।** उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, कोतबा-जशपुर (छ.ग.) में 5 दिसंबर को 'विश्व मृदा दिवस-2025' उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस वर्ष की थीम ₹स्वस्थ शहरों के लिए स्वस्थ मृदा₹ रखी गई थी। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कृषि के छात्र-छात्राओं और समाज को मिट्टी की महत्ता तथा उसके संरक्षण के प्रति जागरूक करना था।

उद्यानिकी महाविद्यालय, कोतबा में विश्व मृदा दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन हुआ। अधिष्ठाता अरबिन्द कुमार साय ने रासायनिक खेती के खतरों से आगाह कराते हुए जैविक और प्राकृतिक खेती अपनाने पर जोर दिया। विशेषज्ञों ने बताया कि कैसे रसायनों का प्रयोग कैंसर जैसी बीमारियों को बढ़ावा दे रहा है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता श्री साय ने उपस्थित महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए मिट्टी को 'जीवन का आधार' बताया। उन्होंने वर्तमान कृषि परिदृश्य पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा, ₹आज किसान अत्यधिक उत्पादन की होड़ में रासायनिक खादों, कीटनाशकों और एकल फसल प्रणाली का अंधाधुंध उपयोग कर रहे हैं। इसका सीधा प्रतिकूल प्रभाव मृदा की उर्वरा शक्ति पर पड़ रहा है। इतना ही नहीं, उत्पादित भोजन के माध्यम से ये जहरीले रसायन मानव शरीर में पहुँच रहे हैं, जो कैंसर जैसी घातक बीमारियों का कारण बन रहे हैं।₹ श्री साय ने समाधान के रूप में जैविक खेती, टिकाऊ खेती और प्राकृतिक खेती के साथ-साथ फसल चक्र (Crop Rotation) अपनाने पर जोर दिया, ताकि मिट्टी और मानव जीवन का संबंध भविष्य में भी स्वस्थ बना रहे।

**खास बात**
- स्वस्थ जीवन का आधार है स्वस्थ मृदा, उद्यानिकी महाविद्यालय कोतबा में हुआ जागरूकता कार्यक्रम

**विशेषज्ञों ने जताई मृदा क्षरण पर चिंता**

कार्यक्रम के दौरान डॉ. अभिलाष मिश्रा, डॉ.मुकेश खरसन, डॉ.जय किशन भगत, डॉ.ग्लोरिया स्मिता किस्पोट्टा और श्री परमेश्वर यादव ने भी अपने विचार रखे। विशेषज्ञों ने जलवायु परिवर्तन और मानवजनित गतिविधियों के कारण हो रहे मृदा क्षरण पर गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने स्पष्ट किया कि रासायनिक उर्वरकों का सीमित उपयोग और जैविक खेती को बढ़ावा देना अब विकल्प नहीं, बल्कि समय की मांग है।

**युवाओं से मिट्टी बचाने का आह्वान**

कार्यक्रम के समापन पर अधिष्ठाता श्री साय ने छात्रों से विशेष अपील की। उन्होंने कहा, ₹आप युवा ही कल के संरक्षक हैं। मृदा संरक्षण को एक मिशन के रूप में लें। चाहे पौधे लगाकर हो या अपशिष्ट प्रबंधन को बेहतर बनाकर, 'मिट्टी बचाओ आंदोलन' में अपना सक्रिय योगदान दें।

---

पीएम श्री प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला बघिमा के बच्चे हुए शामिल

# नशा मुक्ति एवं साक्षर भारत को लेकर निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

साक्षरता अभियान के लिए जनजागरण एवं गांव में नशा मुक्ति अभियान के तहत शासकीय पीएम श्री प्राथमिक शाला बघिमा एवं माध्यमिक शाला बघिमा के बच्चों के द्वारा रैली निकाली गई जिसमें बच्चों ने अपने हाथों में साक्षर भारत एवं नशा मुक्ति से संबंधित लिखित नारे को लेकर पूरे गांव में भ्रमण किया एवं साक्षर भारत एवं नशा मुक्ति से संबंधित गीत एवं नारे लगाए।

गौरतलब है कि 7 दिसंबर को राष्ट्रव्यापी बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्क ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा का आयोजन पूरे छत्तीसगढ़ में किया जा रहा है जिसमें जो लोग साक्षर नहीं हुए उन्हें परीक्षा के तहत इस अभियान में शामिल किया जा रहा है। इसी को ध्यान में रखते हुए गांव के युवा एवं जनप्रतिनिधियों



एवं शिक्षकों ने मिलकर बच्चों के साथ रैली निकाली जिसमें साक्षरता से संबंधित नारे लगवाए गए एवं नशा मुक्ति के लिए भी प्रेरित किया गया। नशे को दूर भगाना है खुशहाली को लाना है, सोचो समझो बच्चों नशे से जीवन जीओ बड़े मजे से एवं साक्षरता अभियान के तहत दीप से दीप जलाएंगे साक्षर भारत बनाएंगे, शिक्षा ऐसी सीढ़ी है जिससे चलती पीढ़ी है जैसे प्रेरणादाई नारे लगवा कर जागरूकता अभियान फैलाया गया।

**परिवार की खुशहाली के लिए नशे का त्याग करें**

इस दौरान बच्चों को संबोधित करते हुए शिक्षक रवि गुप्ता ने नशा मुक्ति के लिए बच्चों को प्रेरित किया एवं कहा कि नशा एक ऐसी बुराई है, जिससे इंसान का अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है। इन जहरीले और नशीले पदार्थों के सेवन से व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक और आर्थिक हानि पहुंचानें के साथ ही इससे सामाजिक वातावरण भी प्रदूषित होता है। गांव के युवा नितेश दास ने बच्चों से कहा कि वह अपने माता-पिता से भावनात्मक अपील करें एवं अपने बच्चे एवं परिवार के खुशहाली के लिए नशे का त्याग करें।

**ये रहे उपस्थित**

इस अवसर पर गांव के उप सरपंच संदीप राम, नितेश दास, शिक्षक रेखा भगत, सुरेश खलखो, रवि गुप्ता, तारिका बुनकर, रंजिता सारंगी, रूबी प्रियंका खेस के साथ बच्चे एवं अभिभावक भी उपस्थित थे।

# पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में स्काउट गाइड शिविर



**जशपुरनगर।** पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में 5 एवं 6 दिसंबर दो दिवसीय स्काउट गाइड शिविर का विद्यालय स्तर पर सफल आयोजन किया गया। शिविर में कुल 33 स्काउट और 39 गाइड छात्राओं ने भाग लिया। शिविर के प्रथम दिन की शुरुवात स्काउट गाइड के झंडातोलन और प्रार्थना गीत के साथ शुरू हुआ। इसके बाद विद्यालय के प्राचार्य नरेन्द्र कुमार ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए स्काउट गाइड के महत्व पर प्रकाश डाला और बताया की स्काउट गाइड आन्दोलन से जुड़कर हम अपना शारीरिक, मानसिक विकास कर देश के विकास में अपना योगदान दे सकते हैं। तत्पश्चात शिविर नायक प्रेमचंद मिंज ने स्काउट से सम्बंधित बच्चों को विविध गतिविधियां कराई साथ ही श्री सिद्दिकी ने बच्चों को स्काउट के पैट्रोल डिवीजन और दिशा ज्ञान के बारे में बताया। शिविर के दुसरे दिन बच्चों को बीपी 6 व्यायाम का अभ्यास कराया गया, तत्पश्चात प्रथम उपचार के बारे में विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई गई। उसके बाद बच्चों को श्री सिद्दिकी के द्वारा विभिन्न प्रकार के गाठों के बारे में बताया गया जिससे बच्चों ने अंतिम दिवस के अंतिम सत्र में बांस, रस्सी और कपड़े की सहायता से अस्थायी टेंट बनाया जो बहुत ही आकर्षक था। तत्पश्चात विद्यालय के प्राचार्य नरेन्द्र कुमार और वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती शीला टोप्पो द्वारा टेंट का निरिक्षण किया गया और बच्चों के प्रयासो की सराहना की। अंत में प्रेमचंद मिंज के धन्यवाद ज्ञापन के साथ शिविर के समापन की घोषणा की गई।


Saraiya
ACHANAKMAAR FOREST RESORT
A PREMIUM ESCAPE
IN THE
HEART OF THE FOREST
10 ACRES OF PURE NATURE, LUXURY & PEACE
• SPACIOUS SUITE ROOM
• ELEGANT DELUXE ROOMS
• TREE HOUSES
• RESTAURANT & OUTDOOR DINING SPACES
• EVENT LAWN & GATHERING AREA
• INFINITY SWIMMING POOL
• KITTY PARTY HALL
• ADVENTURE PLAY AREA
• INDOOR PLAY AREA
• BONFIRE AREAS
• FREE WI-FI & ROOM SERVICE
• AMPLE PARKING SPACE
OPEN NOW
ACHANAKMAAR
Contact Us
+91 96942-65000
+91 96491-65000
Visit Us
VILLAGE SHIVTARAI, KOTA, BILASPUR (CG)